खण्ड–07 सत्र–01 (भाग–01)
अंक–02

सोमवार 25 फरवरी, 2020
06 फाल्गुन, 1941(शक)

# दिल्ली विधान सभा

## की

## कार्यवाही

सत्यमेव जयते

## छठी विधान सभा

## पहला सत्र

अधिकृत विवरण
(खण्ड–07 (भाग–1) में अंक 01 से 03 सम्मिलित हैं)
दिल्ली विधान सभा सचिवालय
पुराना सचिवालय, दिल्ली–54

सम्पादक वर्ग

**EDITORIAL BOARD**

**सी. वेलमुरुगन**

सचिव

**C. VELMURUGAN**

Secretary

**एम.एस. रावत**

उप सचिव (सम्पादन)

**M.S. RAWAT**

Deputy Secretary(Editing)

# विषय–सूची

**सत्र–1 मंगलवार, 25 फरवरी, 2020 / 06 फाल्गुन, 1941 (शक) अंक–02**


| क्र.सं. | विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | सदन में उपस्थित सदस्यों की सूची | 3–4 |
| 2. | सदन पटल पर प्रस्तुत कागजात | 5 |
| 3. | माननीय उपराज्यपाल का अभिभाषण (हिन्दी / अंग्रेजी) | 6–16 |

# दिल्ली विधान सभा
# की
# कार्यवाही

(सत्र–1 मंगलवार, 25 फरवरी, 2020 / 06 फाल्गुन, 1941 (शक) अंक–02

सदन अपराह्न 2:00 बजे समवेत हुआ।

## सदन में उपस्थित सदस्यों की सूचीः

| क्रम सं0 | सदस्य का नाम | क्रम सं0 | सदस्य का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती ए.धनवती चंदेला ए | 18 | श्री जितेन्द्र महाजन |
| 2 | श्री अब्दुल रहमान | 19 | श्री करतार सिंह तंवर |
| 3 | श्री अभय वर्मा | 20 | श्री कुलदीप कुमार |
| 4 | श्री अजय दत्त | 21 | श्री मदन लाल |
| 5 | श्री अजय महावर | 22 | श्री महेंद्र यादव |
| 6 | श्री अजेश यादव | 23 | श्री मोहन सिह बिष्ट |
| 7 | श्री अखिलेशपति त्रिपाठी | 24 | श्री महेन्द्र गोयल |
| 8 | सुश्री आतिशी | 25 | श्री मुकेश कुमार अहलावत |
| 9 | श्रीमती बंदना कुमारी | 26 | श्री नरेश बाल्यान |
| 10 | सुश्री भावना गौड़ | 27 | श्रीमती प्रमिला टोकस |
| 11 | श्री भूपेन्द्र सिंह जून | 28 | श्री प्रवीण कुमार |
| 12 | श्री दिलीप पांडे | 29 | श्रीमती प्रीति तोमर |
| 13 | श्री दिनेश मोहनिया | 30 | श्री राज कुमार आनन्द |
| 14 | श्री गिरीश सोनी | 31 | श्री राघव चड्ढा |
| 15 | श्री गुलाब सिंह | 32 | श्री ओम प्रकाश शर्मा |
| 16 | श्री जय भगवान | 33 | श्री प्रहलाद सिंह साहनी |
| 17 | श्री जरनैल सिंह | 34 | श्री पवन शर्मा |
| | | 35 | श्री प्रकाश जारवाल |
| | | 36 | श्रीमती राज कुमारी ढिल्लों |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 37 | श्री राजेश गुप्ता | 45 | श्री शरद कुमार |
| 38 | श्री राजेश ऋषि | 46 | श्री सोम दत्त |
| 39 | श्री ऋतुराज गोविन्द | 47 | श्री सोमनाथ भारती |
| 40 | श्री रोहित कुमार | 48 | श्री सुरेन्द्र कुमार |
| 41 | श्री एस.के. बग्गा | 49 | श्री विजेन्द्र गुप्ता |
| 42 | श्री सहीराम | 50 | श्री विनय मिश्रा |
| 43 | श्री संजीव झा | 51 | श्री विजेन्द्र सिंह कादयान |
| 44 | श्री सौरभ भारद्वाज | 52 | श्री विशेष रवि |

# दिल्ली विधान सभा
# की
# कार्यवाही[1]

**सदन अपराह्न 2:00 बजे समवेत हुआ।**

माननीय अध्यक्ष (श्री रामनिवास गोयल) पीठासीन हुए।

**माननीय अध्यक्षः** सचिव विधान सभा माननीय उपराज्यपाल के अभिभाषण की हिंदी/ अंग्रेजी प्रति सदन पटल पर रखेंगे।

## सदन पटल पर प्रस्तुत कागजात

**सचिव (दिल्ली विधान सभा):** माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से माननीय उपराज्यपाल के अभिभाषण की हिंदी/ अंग्रेजी प्रति सदन पटल पर प्रस्तुत करता हूँ।[2]

1 www.delhiassembly.nic.in पर उपलब्ध।

2 www.delhiassembly.nic.in पर उपलब्ध।

## माननीय उपराज्यपाल का अभिभाषण

माननीय अध्यक्ष महोदय एवं सदस्यगण;

1. में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सातवीं विधानसभा के प्रथम सत्र में आपका स्वागत करता हूं।

2. सातवीं विधानसभा के इस उद्घाटन सत्र में चुनावों के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन के लिए मेरी सरकार जनसाधारण और सभी राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ–साथ प्रशासनिक मशीनरी के प्रयासों की भी सराहना करती है।

3. विशाल जनादेश द्वारा दिल्ली की जनता ने मेरी सरकार और उसकी नीतियों पर लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए विश्वास व्यक्त किया है। मेरी सरकार लोगों की सेवा करने और न्याय, स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व, जो कि भारत के संविधान की प्रस्तावना में निहित है, पर आधारित प्रशासनिक व्यवस्था के प्रति समर्पित है।

4. पिछले कार्यकाल में मेरी सरकार ने नागरिकों की बुनियादी जरूरतों अर्थात बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित किया और 200 यूनिंट मुफ्त बिजली, हर महीने 20 किलो लीटर मुफ्त पानी, महिलाओं के लिए मुफ्त बस सेवा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शैक्षणिक इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार और स्वास्थ्य सेवाओं को मोहल्ला क्लीनिक के माध्यम से लोगों के करीब ले जाना, दिल्ली के श्रमिकों को देश में सर्वाधिक न्यूनतम मजदूरी देने जैसी जन–समर्थक योजनाएँ शुरू कीं। इनके अलावा सरकारी सेवाओं की डोर स्टेप डिलीवरी एवं तीर्थ यात्रा योजना को व्यापक रूप से सराहा गया है।

5. वर्तमान कार्यकाल में मेरी सरकार उक्त कल्याणकारी गतिविधियों को और आगे बढ़ाने और दिल्ली को विश्वस्तरीय शहर बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगी।

6. जन–कल्याण के लिए मेरी सरकार की प्रतिबद्धता दस गारंटियों द्वारा सुनिश्चित की गयी है, जिसके बारे में मैं इस सदन को संक्षेप में सूचित कर रहा हूँ।

## 7. जगमगाती दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी को विश्वस्तरीय शहरों .के बराबर होना चाहिए। इसलिए शहर में बिजली की आपूर्ति निर्बाध और 24x7 उपलब्ध होनी चाहिए। मेरी सरकार दिल्ली के नागरिकों को 200 यूनिट तक बिजली मुफ्त देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराती है। बिजली के वितरण के लिए पूरे शहर में केबल नेटवर्क बिछाए गए हैं। कई स्थानों पर लटके हुए तारों का जाल न केवल जनता की सुरक्षा के लिए खतरा है बल्कि शहर की सुंदरता को भी विकृत करता हैं। मेरी सरकार का इरादा बिजली के तारों को भूमिगत करने का है।

## 8. हर घर नल का जल।

मेरी सरकार शहर की पानी की आवश्यकता को पूरा करने में सक्षम रही है और हर घर को 20,000 लीटर मुफ्त पानी देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराती है। मेरी सरकार की मंशा है कि शहर के हर घर के लिए 24 घंटे नल द्वारा स्वच्छ पानी सुनिश्चित किया जाए।

## 9. देश की सबसे अच्छी शिक्षा सुविधा।

पिछले कार्यकाल में मेरी सरकार का ध्यान सरकारी स्कूलों में शिक्षा की बुनियादी सुविधाओं के साथ–साथ शिक्षा की गुणवत्ता की ओर रहा है। मेरी सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए इरादा किया है कि रोजगार से जुड़ी विश्व स्तर की शैक्षिक सुविधा प्रत्येक छात्र को उसके स्नातक होने तक उपलब्ध हो।

## 10. सस्ता, सुलभ और बेहतरीन इलाज

स्वस्थ नागरिक समाज में विकासात्मक गतिविधियों के लिए इंजन का कार्य करते हैं। मोहल्ला क्लीनिकों का उद्देश्य आम नागरिकों के पास स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाना है। मोहल्ला क्लीनिकों का और विस्तार किया जाएगा। प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के अलावा मेरी सरकार अत्याधुनिक अस्पतालों की

स्थापना करके स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत करेगी और जनता को उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित करेगी।

**11. सबसे बड़ी और सबसे यातायात व्यवस्था**

दिल्ली में सड़क परिवहन और मेट्रो सेवाओं का व्यापक नेटवर्क है। मेरी सरकार ने पर्यावरण अनुकूल बसों के माध्यम से सड़क परिवहन सेवाओं को अपग्रेड करने का निश्चय किया है। इसके अलावा मेट्रो नेटवर्क को दुनिया के सबसे बड़े मेट्रो नेटवर्क में से एक बनाने के लिए इसका विस्तार किया जाएगा जिससे यह और अधिक क्षेत्रों में सेवाएं प्रदान कर सकेगी। मेट्रो स्टेशन से गंतव्य स्थान तक अंतिम मील कनेक्टिविटी में सुधार करने के लिए भी मेरी सरकार कदम उठाएगी। महिला सशक्तिकरण के लिए मेरी सरकार ने डीटीसी और क्लस्टर बस सेवाएं मुफ्त कर दी हैं। इसके अलावा दिल्ली के विभिन्न संस्थानों के छात्रों के आवागमन के लिए मेरे सरकार मुफ्त बस सेवा का विस्तार करेगी।

**12. प्रदूषण मुक्त दिल्ली।**

हमें विकास के साथ–साथ पर्यावरण को संतुलित रखना होगा। मेरी सरकार विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों के साथ–साथ पर्यावरण के संरक्षण को प्राथमिकता देती है। इस सम्बन्ध में कार्य योजना बनाकर मौजूदा स्तर के प्रदूषण को कम करके एक तिहाई किया जायेगा। पेड़ पर्यावरण की रक्षा करने में मदद करते हैं। मेरी सरकार दिल्ली की हरियाली बढ़ाने के लिए 2 करोड़ से अधिक पेड़ लगाएगी। यमुना नदी दिल्ली के निवासियों के लिए जल का मुख्य स्रोत है। यमुना नदी दिल्ली के नागरिकों की सेवा के लिए अनवरत बह रही है। अब यमुना नदी की देखभाल और इसके पिछले गौरव को बहाल करने की बारी है। मेरी सरकार नदी को साफ और उसका पुर्नोद्धार करने के लिए सभी कदम उठाएगी।

**13. स्वच्छ एवं चमचमाती दिल्ली**

ठोस कचरे का निबटान नगरीय प्रबंधन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। दिल्ली को कचरा और मलबा मुक्त बनाने तथा शहर में स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए मेरी सरकार योजनाओं का कार्यान्वयन करेगी।

**14. महिलाओं के लिए सुरक्षित दिल्ली।**

महिलाओं की सुरक्षा पर हमेशा मेरी सरकार का ध्यान रहा है। सीसीटीवी कैमरे, स्ट्रीट लाइट लगाने और बस मार्शलों की तैनाती के लिए कार्रवाई की गई है। इन कार्यों को और गति दी जाएगी। इनके अतिरिक्त मोहल्ला स्तर पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मोहल्ला मार्शल भी नियुक्त किए जाएंगे।

**15. मूलभूत सुविधा युक्त कच्ची कॉलोनियां**

अनधिकृत कॉलोनियों में सड़क, स्वच्छ पेयजल, सीवेज सिस्टम, मोहल्ला क्लीनिक और सीसीटीवी कैमरों जैसी सुविधाएं कार्यान्वित है। मेरी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयत्न करेगी कि ये सेवाएं सभी अनधिकृत कॉलोनियों को मिले।

**16. जहाँ झुग्गी, वहां मकान।**

मेरी सरकार झुग्गी के निवासियों के गरिमापूर्ण जीवन यापन के लिए उन्हें आवास देकर, उनके पुनर्वास के लिए प्रयासरत है। मेरी सरकार ने पहले ही झुग्गी निवासियों के यथास्थान पुनर्वास पर जोर दिया है ताकि झुग्गी वासी अपनी आजीविका बिना किसी असुविधा के जारी रख सके। मेरी सरकार की मंशा है कि झुग्गी के निवासियों को आवास के आवंटन में तेजी लाई जाए।

17. उपरोक्त दस गारंटियों को पूरा करने के साथ मेरी सरकार दिल्ली की आर्थिक प्रगति के लिए भी प्रतिबद्ध है। दिल्ली के नागरिकों द्वारू भुगतान किए गए केंद्रीय करों में अन्य राज्यों की तरह दिल्ली के लिए समान और उचित हिस्सा,

दिल्ली के आर्थिक विकास के लिए आवश्यक है। वर्ष 2001 से पहले केन्द्रीय करों में दिल्ली के विकास के लिए हिस्सेदारी की व्यवस्था थी। इसे पुनः स्थापित कराना और दिल्ली नगर निगमों के लिए भी केन्द्रीय वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार धनराशि उपलब्ध कराना मेरी सरकार की प्राथमिकताओं में है। आने वाले वर्षों में दिल्ली को एक विश्वस्तरीय शहर और सुशासन का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनाने के लिए मेरी सरकार सभी कदम उठाएगी।

18. मेरी सरकार दिल्ली के लोगों के सपनों को साकार करने के लिए विधान सभा के सभी नवनिर्वाचित सदस्यों का सहयोग चाहती है ताकि दिल्ली वासियों का जीवन समृद्ध हो, उत्पादकता बढ़े, पर्यावरण सुरक्षित हो. और प्रतिभाओं का नवसृजन हो।

19. मैं. सदस्यों से आग्रह करता हूं कि उन्होंने इस सदन के सदस्य के रूप में जो शपथ ली है उसे याद रखें और निश्चित करें कि जो विश्वास जन–साधरण ने उनपर व्यत्त किया है उसे निस्वार्थ सेवा के द्वारा नागरिकों के जीवन स्तर को उन्नत बनाकर चुकाए।

20. मैं आप सभी को अपनी शुभकामनाएं देता हूं और आपके सार्थक विचार–विमर्श में सफलता की कामना करता हूं।

## माननीय उपराज्यपाल की अपील

'अन्त में, आप सबसे और आप सबके द्वारा दिल्ली के समस्त नागरिकों से ये आग्रह एवं आशा करता हूँ कि आज के माहौल में दिल्ली में शांति, कानून व्यवस्था व साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखें और सुरक्षा एजेंसीज को अपना पूर्ण सहयोग दें।'

जय हिन्द

**Hon'ble Lt. Governer's Address**

Hon’ble Speaker and Members;

1. I welcome you to the First Session of the Seventh Legislative Assembly of the National Capital Territory of Delhi.

2. At this Inaugural session of the Seventh Assembly, my Government places on record deep appreciation for the efforts of the public and leaders of all political parties as well as the administrative machinery, in the peaceful conduct of the elections.

3. Through the massive mandate, citizens of Delhi have reposed faith in my Government and its policies for the third continuous term. My government makes commitment to the people to serve and uphold justice, liberty, equality, fraternity enshrined in the preamble of the Constitution of India as fundamental to the governance model.

4. In the previous tenure, my Government focused on basic needs of the citizens, i.e. water, electricity, education and health, and launched pro-people schemes like 200 units of free electricity, 20 kiloliters of free water every month, free bus ride for women, improvement in quality education and infrastructure, taking health services close to the people through Mohalla Clinics and highest minimum wages in the country for the workers in Delhi. In additions to these, Door step Delivery of Services, Tirath Yatra Scheme, etc. have also been appreciated widely.

5. In the present tenure my Government will focus on further consolidation of aforementioned welfare activities and will take further action to make Delhi a world class city.

6. The commitment of my Government for the welfare of people is further solidified by the Ten Guarantees to the people of Delhi which I will briefly inform the august house hereafter.

**7. Jagmagaati Delhi.**

The National Capital must be at par with world class cities. Therefore, power supply in the city must be uninterrupted and should be available on 24x7 basis. Further, in this connection, my government reiterates its commitment to make upto 200 units electricity available free of cost to the people of Delhi. Over the years along with the growth of the city, cable networks have been laid all over the city for distribution of Electricity. At many places these cables are over head which not only poses danger to the public but also disfigures the city aesthetics. My Government intends to place the electricity cable network underground.

**8. Piped drinking water to every household.**

My Government has been able to meet the water requirements of the city and intends to continue to provide 20,000 liters of free water to every household. In a step forward, my Government intends to ensure 24 hour clean piped water for every household in the city.

**9. India's best education facility.**

The focus of my Government in the previous tenure has resulted in quality improvement in the education being imparted in the Government schools as well as the educational infrastructures . My Government intends to further consolidate its achievements to ensure that world class educational facility linked with employment is available to every students till his graduation.

**10. Affordable, Accesible and Advanced Healthcare facilities.**

Healthy citizens are engines for propelling developmental activities in a society. Mohalla Clinics are intended to bring healthcare services near the citizens. Mohalla clinics will be expanded further.

In addition to the improvement in the primary healthcare, my Government will strengthen the healthcare system by establishing state-of-theart hospitals which would provide advanced medical care to the population.

**11. Biggest and Cheapest public transportation system.**

Transportation in Delhi is served through wide network of road transport and metro services. My Government intends to upgrade the road transport services through introduction of environmental friendly buses. Further, the Metro networks in the world; this will also help in serving more areas in Delhi. My Government will also take steps to improve the last mile connectivity to and from the metro stations.

To empower women, my Government has already made DTC and Cluster Bus services free for women. Further, to support mobility of students of various institutions in the National Capital, My Government will also extend free bus ride scheme also to the students.

**12. Pollution free Delhi.**

We have to balance development with the environment. While my Government continues with various developmental activities, it attaches utmost importance to the protection of the environment. My Government will put in action plans to reduce pollution to one third of the current level. Trees help to protect the environment. My Government will endeavor to plant over 2 Crores trees to make Delhi greener than ever.

Delhi was setup along the river Yamuna , being the source of water for its inhabitants. River Yamuna is continuing to serve the citizens of Delhi; now its's our turn to take care of River Yamuna and to

restore it to its previous glory. My Government will take all steps to clean the river and to rejuvenate it.

**13. Clean Delhi,Bright Delhi.**

Solid waste management is an important component of the city management. To ensure cleanliness in the city, my Government intends to put in place action oriented plan towards making Delhi garbage and debris free.

**14. Safer Delhi for women.**

Safety of women has always got focused attention of my government . Action for installation of CCTV cameras, street lights and deployment of bus marshals has been taken. These will be given further momentum. In addition to these , Mohalla Marshals will also be appointed to ensure safety at the street level.

**15. Basic amenities for unauthorized colonies.**

Plans are already in action to provide facilities like roads, clean drinking water, sewage system, Mohalla clinics, and CCTV cameras in unauthorized colonies. My government will take firm action to ensure that these services cover all the unauthorized colonies.

**16. Jahaan jhuggi, wahin makan.**

To rehabilitate residents of JJ bastis and to provide them dignified life by providing ready to live built up accommodation, my government has already emphasized on in situ rehabilitation of slum dwellers so that Jhuggi dwellers continue with their livelihood activities without much disturbance. My Government intends to speed up construction of dwelling and their alllotments to eligible residents of JJ bastis.

17. Along with the Ten Guarantees stated above, my Government is also

committed to the economic development of Delhi. Equal and fair share for Delhi like other states in central taxes paid by the citizens of Delhi is essential for the economic development of Delhi. Prior to the year 2001, there was a system of sharing of central taxes for the development of Delhi. To get it re-estabilished and to provide funds to the Municipal Corporations of Delhi as per the recommendations of the central Finance Commission, is amongst the priorities of my Government. My Government will take all steps to make Delhi a world class city and a classic example of good governance in the coming years.

18. My Government seeks cooperation of the newly elected members of the Legislative Assembly to realize the dreams of the people of Delhi of living in a city which is caring and productive, which embraces change and nurtures talent to make our life environmentally sustainable and prosperous.

19. I conclude by urging the members to remember the oath that they have taken while being sworn-in as members of this august house and to resolve that the confidence reposed in them by the people will be re-paid through self-less dedication towards improving the quality of life of the inhabitants of Delhi.

20. I extand my warm greetings and good wishes to all of you and wish you all success in your deliberations.

Jai Hind

**माननीय अध्यक्षः** अब सदन की कार्यवाही बुधवार 26 फरवरी, 2020 को अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित किया जाता है।

(सदन की कार्यवाही बुधवार 26 फरवरी, 2020 को अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित की गयी।)

—समाप्त—

© दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1991 की धारा 18 (2) के उपबंधों तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली विधान सभा प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 281 (2) के प्रावधानों के अंतर्गत प्रकाशित तथा ग्राफिक प्रिंटर्स, स्मैट फॉर्म्स, नई दिल्ली–110 007 द्वारा मुद्रित।